समता आन्दोलन समिति (रजि.)

प्रान्तीय कार्यालय : जी-3, संगम रेजीडेन्सी, प्लाट नं. 9-10, गंगाराम की ढाणी, वैशाली नगर, जयपुर

Website :www.samtaandolan.co.in Email :samtaandolan@yahoo.in

माननीय श्री पानाचन्द जैन — संरक्षक (पूर्व न्यायाधिपति)
माननीय श्री अशोक कुमार सिंह — संरक्षक (पूर्व मेजर जनरल)
माननीय श्री भागीरथ शर्मा — संरक्षक (पूर्व आई. ए. एस.)

श्री इकराम राजस्थानी
सलाहकार, मो. 098290-78682

पाराशर नारायण शर्मा
अध्यक्ष, मो. 094133-89665

विमल चौरड़िया
महासचिव , मो. 094140-58289

ललित चाचाण
कोषाध्यक्ष , मो. 094140-95368

प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं पदेन सम्भागीय अध्यक्ष :-

जयपुर
ऋषिराज राठौड़
मो. 9694348039

अजमेर
एन. के.झामड़
मो. 9414008416

बीकानेर
वाई. के. योगी
मो. 9414139621

भरतपुर
हेमराज गोयल
मो. 9460926850

जोधपुर
प्रहलाद सिंह राठौड़
मो. 9414085447

कोटा
डॉ. अनिल शर्मा
मो. 9414662244

उदयपुर
दूल्हा सिंह चूण्डावत
मो. 9571875488

क्रमांक 6750/ दिनांक : 25.09.2023

श्रीमान अर्जुनराम मेघवाल,
केन्द्रीय संस्कृति राज्य मंत्री,
भारत सरकार, शास्त्री भवन,
नई दिल्ली–110001

विषयः–श्रीकोलायत, बीकानेर, राजस्थान में सांख्यदर्शन आधारित केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि आप केन्द्रीय कानून मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री के अलावा संस्कृति विभाग के भी राज्य मंत्री हैं। आपके संसदीय क्षेत्र में श्रीकोलायत जैसा अति महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल स्थित है जो पूज्य कपिल मुनि की तपोस्थली रही है। सनानत ग्रंथों में और श्रीमद्भागवत में इस तथ्य का विस्तृत विवरण अंकित है कि पूज्य कपिल मुनि ने श्रीकोलायत में सांख्य दर्शन का प्रतिपादन किया जो विश्वविख्यात भारतीय षड्दर्शनों में से एक महत्वपूर्ण एवं परिपूर्ण दर्शन शास्त्र है। सांख्य दर्शन का सांख्य योग सम्पूर्ण विश्व में मानव मात्र के कल्याण के लिए एक सर्वमान्य व्यवस्था है। हमारे यशस्वी एवं तपस्वी प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी ने जिस प्रकार से पूरे विश्व में भारतीय योग को एक सम्मानित स्थान दिलवाया हैं उसके बाद भारतीय सांख्य दर्शन और भारतीय सांख्य योग की महत्ता अत्यधिक बढ गई है। श्रीकोलायत में सनानत संस्कृति के लिए अति पवित्र कपिल सरोवर भी स्थित है। पूज्य कपिल मुनि का एक मंदिर सुदूर पूर्व में गंगासागर में भी स्थित है जहां उनकी तपस्या के कारण प्रतिवर्ष लाखों सनातनी धर्मावलम्बी मकर संक्रांति पर एकत्र होकर सैकड़ों वर्षो से धार्मिक पून्य कमा रहे हैं।

भारतीय सनातन संस्कृति के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण पूज्य कपिल मुनि की जन्म स्थली, कर्म स्थली एवं तपोस्थली सौभाग्य से आप श्रीमान के संस्दीय क्षेत्र में स्थित है। श्रीमद्भागवत की कथा के सप्ताह में लगभग डेढ दिन तक पूज्य कपिल मुनि के सांख्य दर्शन और श्रीकोलायत की महिमा का ही प्रवचन होता है। यह भी प्रमाणित तथ्य है कि हजारों वर्ष पहले पूज्य कपिल मुनि के सांख्य दर्शन का ज्ञान लेने के लिए सैंकड़ों ऋषि मुनि इस पवित्र भूमि पर निवास कर चुके हैं।

यह सुखद संयोग है कि इस समय हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी सांख्य दर्शन में प्रतिपादित भारतीय योग को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए लगातार हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में आप श्रीमान से हमारा आग्रह हैं कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर किये जा रहे सद्प्रयासों को सतत स्थायी सहयोग और संबल प्रदान करने के लिए आप श्रीमान आपके ही संसदीय क्षेत्र में स्थित श्रीकोलायत में "सांख्य दर्शन केन्द्रीय विश्वविद्यालय" अथवा "श्री कपिल मुनि केन्द्रीय विश्वविद्यालय" के नाम से एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना करवावें जिसमें सांख्य दर्शन आधारित विस्तृत मिमांसा, ज्ञान और शोध कार्यों के अध्ययन–अध्यापन लिए उच्च स्तरीय व्यवस्था हो, वेद और भारतीय षड्दर्शन के अध्ययन की भी उच्च स्तरीय व्यवस्था हो तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के अलावा भारतीय अभियांत्रिकी के अध्ययन, अध्यापन की भी राजगारोन्मुख उच्च स्तरीय व्यवस्था हो।

कृपया त्वरित सकारात्मक कार्यवाही के लिए अग्रिम धन्यवाद।

भवदीय,
पा. श.
(पाराशर नारायण)
अध्यक्ष